चम्बा : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर चम्बा कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शिवदयाल व कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

# World River's Day on 27th September, 2021

## नेहा के भाषण पर सब फिदा



चंबा। डिग्री कालेज चंबा में सोमवार को भूगोल विभाग की ओर से विश्व नदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कालेज के प्राचार्य डा. शिवदयाल ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के लिए पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में नेहा ने पहला, मंदिरा ने दूसरा और सुनील कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में नेहा शर्मा पहले, राहुल दूसरे और भूमिका तीसरे स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम बी प्रथम, टीम ई द्वितीय और टीम सी तृतीय रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. संतोष, प्रो. संजीव और प्रो. अनित शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान भूगोल विभाग की सहायक आचार्य शिवानी अबरोल ने नदियों को प्रदूषित होने से बचाने और नदियों के संरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी। भूगोल विभाग की सहायक आचार्य निशा ने नदी के महत्व पर व्याख्यान देकर छात्रों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य डा. शिवदयाल ने अपने संबोधन में विश्व नदी दिवस पर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए भूगोल विभागा के सहायक आचार्यों को मुबारकबाद दी। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेता छात्रों की पीठ थपथपाते हुए प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को प्रेरित किया। तदोपरांत कालेज प्राचार्य ने विश्व नदी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया।




चंबा : डिग्री कालेज चंबा में सोमवार को भूगोल विभाग की ओर से विश्व नदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर कालेज के प्राचार्य डा. शिवदयाल ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के लिए मेकिंग, प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते प्राचार्य



# नदी के ऐतिहासिक महत्व से कालेज विद्यार्थियों को करवाया रू-ब-रू

चम्बा, 27 सितम्बर (नीलम): चम्बा कालेज में भूगोल विभाग द्वारा विश्व नदी दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। इस कार्यक्रम की शुरूआत भूगोल विभाग की सहायक आचार्य शिवानी अबरोल ने की। उन्होंने नदियों को प्रदूषित होने से बचाने व किस तरह से इनका संरक्षण किया जाए, इसके बारे में विस्तार से चर्चा की।

भूगोल विभाग की आचार्या निशा कुमारी ने नदी के महत्व पर प्रकाश डाला। निर्णायक मंडल के रूप में प्रोफैसर संतोष, संजीव व अमित मौजूद रहे। उन्होंने नदियों के ऐतिहासिक महत्व से छात्रों को रू-ब-रू करवाया। कार्यक्रम का समापन कालेज प्राचार्य डा. शिव दयाल ने किया। भाषण प्रतियोगिता में नेहा पहले स्थान पर, मोंदिरा दूसरे स्थान पर व सुनील कुमार तीसरे स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में नेहा शर्मा पहले, राहुल दूसरे व भूमिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम बी पहले स्थान पर, टीम ई दूसरे स्थान पर और टीम सी तीसरे स्थान पर रही। प्राचार्य द्वारा पहले व दूसरे स्थान पर रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

*चम्बा : चम्बा कालेज में भूगोल विभाग द्वारा विश्व नदी दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में [illegible] रहे प्रतिभागियों को सम्मानित करते कालेज प्राचार्य डा. शिवदयाल।*

Celebration of Mahatma Gandhi Jayanti on 1st October, 2021

# चित्रकला प्रतियोगिता में आर्यन रहे अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

## स्वच्छ और सुंदर चंबा विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

चंबा। महात्मा गांधी जयंती के मौके पर ज्योग्राफिकल सोसायटी चंबा कॉलेज और प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था की ओर से स्वच्छ चंबा और सुंदर चंबा विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भूगोल विभाग की सहायक प्राचार्या शिवानी अबरोल ने की।

उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उसके बाद सहायक प्राचार्या निशा कुमारी ने युवाओं को प्रदूषण न फैलाने की शिक्षा दी। पेंटिंग प्रतियोगिता के दौरान प्रो. पूनम सब्रवाल और प्रोफेसर सुमित ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रेरणा संस्था के अध्यक्ष दीपक भाटिया भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्राचार्य डॉ. शिवदयाल ने विजेताओं को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में कुमार आर्यन ने पहला, मदिरा ने दूसरा और नेहा शर्मा और अभिषेक ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे।




चंबा कॉलेज में पेंटिंग प्रतियोगिता के दौरान बनाई गई पेंटिंग को दिखाते प्रतिभागी। -संवाद

# आर्यन की पेंटिंग सबसे शानदार





चम्बा : चम्बा कालेज में महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी व (नीचे) कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रोफैसर व प्रेरणा संस्था के अध्यक्ष दीपक भाटिया।

Cleanliness drive on 9th October, 2021



# प्लास्टिक से वातावरण को होने वाले नुक्सान के प्रति किया जागरूक

चम्बा, 9 अक्तूबर (नीलम): स्वच्छ भारत अभियान के तहत चम्बा कालेज के भूगोल विभाग द्वारा शनिवार को गलू गांव में साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

यह अभियान भूगोल की सहायक प्रवक्ता निशा कुमारी व शिवानी अवरोल के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर गांव के आसपास फैले प्लास्टिक को एकत्रित किया गया। इसके अलावा कालेज के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए स्लोगन से गांव के लोगों को प्लास्टिक से वातावरण को होने वाले नुक्सान के बारे में बताया गया और आसपास के वातावरण में प्लास्टिक न फैलाने के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर कालेज के भूगोल विभाग के प्रथम सत्र, द्वितीय सत्र व तृतीय सत्र के विद्यार्थी मौजूद रहे।

*चम्बा : स्वच्छ भारत अभियान के तहत गलू गांव के आसपास प्लास्टिक इकट्ठा करने के बाद सामूहिक चित्र में विद्यार्थी।* (कुलदीप)

Field Visit on 30th December, 2021

## विद्यार्थियों ने जानी ग्रामीण जीवनशैली

संवाद न्यूज एजेंसी


भ्रमण के दौरान महाविद्यालय चंबा के भूगोल संकाय के विद्यार्थी। संवाद


शैक्षणिक भ्रमण के दौरान रावमापा सिहुंता के विद्यार्थी। संवाद

चंबा/सिहुंता। राजकीय महाविद्यालय चंबा के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान 30 विद्यार्थी मौजूद रहे। प्रोफेसर शिवानी और निशा ने भ्रमण की अगुवाई की। भ्रमण में इतिहास [illegible] विद्यार्थी छतराड़ी गांव पहुंचे [illegible] उनको सामाजिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक भू दृश्यों से अवगत करवाया गया।

वहीं, विद्यार्थियों ने गांव में जाकर सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण भी किया। उन्होंने सर्वे के दौरान लोगों के रहन-सहन और जीवनशैली की जानकारी हासिल की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. [illegible] ने बताया कि विद्यार्थियों ने शिविर में महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। उधर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिहुंता के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने युद्ध स्मारक, चामुंडा मंदिर और [illegible] स्टेडियम को निहारा। उसके बाद विद्यार्थी गोपालपुर चिड़ियाघर पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न जानकारियां हासिल कीं। भ्रमण के दौरान अध्यापक बलराम महाजन, बादल, अमित और पंकज कुमार मौजूद रहे। प्रधानाचार्य पवन कुमार ने [illegible] कि भ्रमण में छठी से आठवीं [illegible] के विद्यार्थी मौजूद रहे। उन्होंने [illegible] कि भविष्य में भी इस तरह शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## चंबा कालेज के छात्रों ने निहारा छतराड़ी गांव



**चंबा।** डिग्री कालेज चंबा के भूगोल विभाग की ओर से एकदिवसीय क्षेत्रीय भ्रमण का आयोजन किया गया। भूगोल विषय की प्रवक्ता प्रो. शिवानी व प्रो. निशा की अगवाई में तीस सदस्यीय छात्रों के दल ने छतराड़ी क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान छात्रों को सामाजिक, सांस्कृतिक व प्राकृतिक भू-दृष्यों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही छात्रों ने छतराड़ी गांव का सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण भी किया। उन्होंने लोगों के रहन-सहन व जीवन शैली के बारे में भी जानकारी हासिल की।

दैनिक जागरण

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में समीक्षा अंजलि और अंकिता फर्स्ट



**स्टाफ रिपोर्टर– चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा में वाणिज्य विभाग के वाणिज्य सोसायटी के तत्तवाविधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. शिव दयाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उक्त जानकारी देते हुए वाणिज्यिक सोसायटी की प्रभारी डा. शेटी महाजन ने कहा कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों की छह टीमों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बीकॉम प्रथम वर्ष की समीक्षा, अंजलि, एवं अंकिता पहले स्थान पर रहीं। विजेताओं को प्राचार्य द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं इस दौरान प्राचार्य ने अपने में कहा कि कि इस तरह की सह-शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण एवं समग्र विकास में सहायक होती हैं। इस मौके पर प्रचार्य ने अपने संबोधन में कहा इस अवसर पर डा. तेज सिंह, प्रोफेसर सुमित, डा. ज्योतिंद्रा ठाकुर, डा. विदुषी शर्मा, प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह, डा. मनेश वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

Quiz competition organized by Commerce Society, Department of Commerce, G.C. Chamba on dated 18th Dec. 2019 to flourish awareness pertaining to general knowledge amoung students

.



चंबा। डिग्री कालेज चंबा के वाणिज्य व अर्थशास्त्र विभाग की इके विजन सोसायटी ने शनिवार को एकदिवसीय वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत सुल्तानपुर, बालू, परेल और घाघनी गांव में लोगों को विभिन्न प्रकार के डिजिटल माध्यम से किए जाने वाल धोखाधड़ी व जोखिमों के बारे में जागरूक किया। इस अभियान के दौरान एक टोली का नेतृत्व छात्रा सदस्य राबिया व निशु, जबकि दूसरी टोली में किरन व दीक्षा ठाकुर शामिल रहे। यह अभियान डिग्री कालेज के प्रिंसीपल डा. शिवदयाल के निर्देशानुसार चलाया गया। इस मौके पर इके विजन सोसायटी की अध्यक्ष डा. शैली महाजन, सचिव प्रो. दिनेश व प्रो. वीरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।




"Financial Literacy Campion 2021" Organized by Department of Commerce and Economics, G.C. Chamba to spread financial literacy awareness among residents of the surrounding villages nearby college on Dated 6th March, 2021.

**प्रतियोगिता** | चंबा कालेज में क्लीन इंडिया- ग्रीन इंडिया विषय पर करवाई प्रतियोगिताएं, विजेता प्रतिभागियों को दिया सम्मान

# साक्षी शर्मा की पेंटिंग सबसे सुंदर



**विशाल जोशी-चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा में वाणिज्य विभाग के इकोविजन सोसायटी के तत्त्वावधान में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत क्लीन इंडिया- ग्रीन इंडिया विषय पर पेंटिंग व नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. शिव दयाल ने मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। पेंटिंग प्रतियोगिता में बीकाम द्वितीय वर्ष की साक्षी शर्मा ने पहला बीए द्वितीय वर्ष के सचिन ने दूसरा व बीकाम तृतीय वर्ष की काजल ने तीसरा स्थान हासिल किया। नारा लेखन में बीकाम द्वितीय वर्ष की प्रियंका प्रथम, आर्यन द्वितीय और बीएससी तृतीय वर्ष की सुदीक्षा ठाकुर तृतीय रही। डा. शिवदयाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की सह-शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण एवं समग्र विकास में सहायक होती हैं। इन प्रतियोगोताओं के माध्यम से स्वच्छ भारत के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना महत्वपूर्ण उद्देश्य है। आधुनिक भारत के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता आवश्यक है। स्वच्छता के प्रति लोगों में एक परस्पर आदत बनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने पेंटिंग व नारा लेखन प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया। इकोविजन सोसायटी की प्रभारी डा. शेल्ली महाजन ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान को मनाते हुए प्रतियोगोताओं का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर डा. हेमंत पाल, डा. मनेश वर्मा, डा. तेज सिंह, डा. विदुषी शर्मा, प्रो. वीरेंद्र सिंह, प्रो. अविनाश इत्यादि उपस्थित रहे। (एचडीएम)

Painting Competition organized by Commerce society, namely “ECOVISION” Department of Commerce, G.C.Chmaba on Dated 11 october, 2021 on theme “Clean India Green India”





# चंबा में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर किया सम्मानित

नगर संवाददाता-चंबा

डिग्री कालेज चंबा के वाणिज्य विभाग की ओर से सोमवार को राज्य कर व आबकारी विभाग के सहयोग से आजादी के अमृत महोत्सव की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर अंतर महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता वस्तु एवं सेवाकर विषय पर आधारित रही। प्रतियोगिता में डिग्री कालेज भरमौर ने पहला, मिलेनियम बीएड कालेज चंबा ने दूसरा और डिग्री कालेज चंबा ने तीसरा स्थान पाया। विजेता प्रतिभागियों को क्रमश पांच हजार, चार और तीन हजार रुपए के नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। पुरस्कार राशि राज्य कर व आबकारी विभाग की ओर से स्पांसर रही। इस मौके पर कालेज प्राचार्य डा. शिवदयाल ने मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करने की रस्म भी अदा की। उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर पर प्रकाश डालते हुए इसे ऐतिहासिक कराधान व आर्थिक सुधार बताया। इस प्रतियोगिता में जिला के सात कालेजों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में पहला स्थान पाने वाली टीम जोन स्तरीय मुकाबले में जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। इस मौके पर सहायक राज्य कर एवं उत्पाद डलहौजी राहुल, डा. विजय नाग, डा. ज्योतिंद्रा, डा. शैली महाजन, डा. विदुषी शर्मा, वीरेंद्र सिंह, डा. उपेंद्र गुप्ता के अलावा राज्य कर एवं आबकारी विभाग की ओर से रवि कुमार, राहुल, बलजीत सिंह, शिव महाजन, चैनलाल और अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

District Level Quiz Competition on GST in association with State Excise and Taxes, Department of Himachal Pradesh and Department of Commerce, G.C. Chamba on the occasion of "Aazadi Ka Amrit Mahotsav" on dated 29 November, 2021







PowerPoint presentation and discussion regarding delivery of curriculum and teaching learning process. Students are also participating in this teaching learning process.







**QUIZ COMPETITION BY EDUCATION SOCIETY ON DATED 30-09-2019**





**SLOGAN WRITING COMPETITION ORGANIZED BY EDUCATION SOCIETY ON THE OCASSION OF NATIONAL EDUCATION DAY 11-11-2019**

# नारा लेखन प्रतियोगिता में सपना प्रथम

चम्बा, 11 नवम्बर (महेन्द्र): राजकीय महाविद्यालय चम्बा में शिक्षा विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षा का अधिकार विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़- चढ़ कर भाग लिया। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रणीता ने कहा कि शिक्षा का किसी भी इंसान के जीवन में बहुत बड़ा महत्व है, इसी के मद्देनजर जागरूकता हेतु यह दिवस मनाया जता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव दयाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अपने वक्तव्य में डॉ. शिव दयाल ने शिक्षा विभाग के प्रयासों की खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की सह शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होती हैं। शिक्षा का मुख्य लक्ष्य चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास होता है। प्रतियोगिता मेंप्रो. अविनाश व डॉ. प्रणीता ने निर्णायक की भूमिका निभाई। निर्णायकों के अंतिम निर्णय के अनुसार सपना ने प्रथम, रीनू ने द्वितीय और प्रशांत महाजन ने तृतीय स्थान हासिल किया। मुख्यातिथि द्वारा विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।



विजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि डॉ. शिवदयाल।

# नारा लेखन में सपना का दबदबा



**स्टाफ रिपोर्टर-चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा में शिक्षा विभाग के तत्त्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य पर शिक्षा का अधिकार विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डा. प्रणीता ने कहा कि शिक्षा इनसान के जीवन में शिक्षा के महत्त्व को देखते हुए यह दिवस बड़े धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. शिव दयाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान आयोजित की गई नारा लेखन प्रतियोगिता में सपना ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं रीनू दूसरे तथा प्रशांत महाजन तीसरे स्थान पर रहे। इस दौरान डा. शिव दयाल शिक्षा विभाग के प्रयासों की खूब सराहना की। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर अविनाश व डा. प्रणीता ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस दौरान प्रतियोगिता में अव्वल रहे छात्रों को सम्मानित किया गया।

# Government College Chamba (H.P.)

# विद्याधारा

(Education Society, Deptt. of Education)

On the occasion of

# National Education Day- 2020

Organising

# Online QUIZ

## 11th November, 2020 (Wednesday)

## Study Areas:-



1. NATIONAL EDUCATION POLICY-2020
2. CURRENT AFFAIRS
3. H.P. GENERAL KNOWLEDGE

## GENERAL INSTRUCTIONS

* Anyone can Participate
* Link of the Quiz will be shared on College website gcchamba.com at 9 A.M.
* Certificates will be given to those who will score more than 75 marks.




*Dr. Pernita Kumari Gurdel*
Assistant Professor,
Education






डॉ. शिवदयाल व कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की रही धूम

चम्बा, 8 मार्च (काकू/नीलम): महिला दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय महाविद्यालय चम्बा की शिक्षा विभाग की सोसाइटी विद्याधारा द्वारा नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका आयोजन शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. परनीता कुमारी गुलेरिया की अध्यक्षता में हुआ। इस प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग के प्रथम द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस नारा लेखन प्रतियोगिता में अंग्रेजी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. जयश्री तथा सहायक आचार्य हिंदी विभाग डॉ. संतोष ने निर्णायक की भूमिका अदा की। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की आशा कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा बी.ए. तृतीय वर्ष की काजल कुमारी ने द्वितीय व बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा रेनू कुमारी और सपना ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर शिवदयाल ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि कॉलेज में सह शिक्षण गतिविधियों का आयोजन होता रहना चाहिए ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने शिक्षा विभाग को इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर बधाई दी।

वहीं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर राजकीय महाविद्यालय चम्बा की भूगोल सोसायटी के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को करवाने में भूगोल सोसायटी की प्राध्यापिका शिवानी ओबराय ने प्रमुख भूमिका निभाई। इसमें निबंध लेखन,

गया। इस मौके पर महिला मंडल प्रधान कांता ठाकुर ने अपने विचार सांझा किए। उनका कहना है कि सभी महिलाओं को आगे आकर अपने अधिकारों को समझना

बेटियां सुरक्षित हो सकें पर पिंकी, कमलेश, निर्मला सीमा, अनुपमा आदि शामि भारतीय स्टेट बैंक के बिजने

चम्बा : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित नारा लेखन के विजेता प्रतिभागी अपने अध्यापकों के साथ।


चम्बा : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर रीता सम्मानित करते हुए ए.सी.टू.डी.सी. राम प्रसाद।

चम्बा : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर मां जालपा म ओबड़ी का महिलाएं कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में।

**SLOGAN WRITING COMPETITION ORGANIZED BY EDUCATION SOCIETY ON THE OCASSION OF NATIONAL EDUCATION DAY 11-11-2021**

# Activity on Covid-19 Awareness


# On dated 27-10-2021




## नारा लेखन में नेहा, पोस्टर मेकिंग में कुमार आर्यन फर्स्ट


नगर संवाददाता- चंबा


डिग्री कालेज चंबा में अंग्रेजी विभाग की ओर से बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कालेज के प्राचार्य डा. शिवदयाल ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थिति दर्ज करवाई। इस दौरान छात्रों के लिए निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. जितेंद्र, प्रो. संजीव, प्रो. आशीष, प्रो. निशा व प्रो. शिवानी शामिल रहे। कार्यक्रम का आयोजन अंग्रेजी विभाग की सहायक आचार्य पूर्णिमा शर्मा की देखरेख में किया गया। निबंध लेखन में नैयनवी पहले, खुशी दूसरे और ईशा व अभिषेक संयुक्त तौर से तीसरे स्थान पर रहे। नारा लेखन में नेहा प्रथम, श्वेता वर्मा द्वितीय व चंद्रकांता तृतीय रही। पोस्टर मेकिंग में कुमार आर्यन ने पहला, पूजा ने दूसरा और अंकिता ने तीसरा स्थान हासिल किया। कालेज प्राचार्य डा. शिवदयाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होते रहने चाहिए ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने की रस्म भी अदा की। उन्होंने छात्रों से प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान भी किया।



# Activity on Female Education Awareness


## On dated 17-12-2019



# Activity on Drug Awareness

# on dated 18-10-2019



DRUG ADDICTION AWARENESS DRIVE.

On the 18th of October 2019 an awareness drive was held by the students of BA 1st year of the Awareness committee of the 'English literary club' on 'DRUG ADDICTION' with in the campus and the area surrounding the college.


Their purpose was to aware the students of the college about the adverse effects of drugs on them and how they can stay away from them by involving themselves in their studies as well as extra co-curricular activities, where as outside the college campus i.e. are surrounding the college their purpose was to make the parents as well as youngsters aware of the adverse effects of drugs and how they can save their children from falling a ~~victim~~ victim of drugs

The students who participated in this drive ~~are~~ are:

1) Vijay
2) Ajay
3) Ravi
4) Yatin Sharma
5) Leela
6) Deepika
7) Sakshi

[Pamphlet prepared by students on drug addiction]





Distributing Pamphlets among students inside the college campus regarding Awareness on Drug Addiction

(Purnima Sharma)
Asstt Prof English
GC Chamba

14/11/2019

# चित्रकला प्रतियोगिता में प्रकृति अव्वल

## चंबा कॉलेज में करवाई प्रतियोगिताएं, नारा लेखन में खुशबू और भाषण में यशराज रहे प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी



महाविद्यालय चंबा में प्रतियोगिता के बाद कॉलेज स्टाफ के साथ विजेता प्रतिभागी। संवाद

चंबा। चंबा कॉलेज में बुधवार को वाइल्ड लाइन सप्ताह के अवसर पर वनस्पति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में चित्रकला, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. शिवदयाल रहे।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रकृति ने प्रथम, सोनिका ने दूसरा और तमन्ना और कृतिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, नारा लेखन प्रतियोगिता में खुशबू पहले, राकेश दूसरे और रंजना तीसरी स्थान पर रही।

भाषण प्रतियोगिता में यशराज प्रथम, नेहा द्वितीय एवं रवीना तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रो. पूर्णिमा, डॉ. संतोष, प्रो. जितेंद्र एवं प्रो. शिवानी रहे। विजयी छात्रों को मुख्यातिथि डॉ. शिवदयाल ने ईनाम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. जोतिद्रा ठाकुर, डॉ. पूनम, प्रो. सुमित एवं प्रो. संजीव कुमार विशेष तौर पर उपस्थित रहे। मुख्यातिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिवदयाल ने संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण को आज हम जो नुक्सान पहुंचा रहे हैं, उससे प्रकृति व वन्यजीव को हानि पहुंच रही है। कहा कि यदि ऐसा ही चलता रहा तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ा जाएगा। प्राकृतिक संतुलन के लिए जीव-जंतुओं की महता को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। कहा कि आज जहां कहीं भी प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं। ये सब मानव का ही किया धरा है। आज प्रकृति का सरंक्षण बहुत जरूरी है जिसके लिए हम सभी को बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

Wild Life Week 2021 Celebrated by Neo Botany Club, Botany Department, G.C. Chamba on dated 6/10/2021



चम्बा : चम्बा कालेज में वाइल्ड लाइफ सप्ताह के अवसर पर वनस्पति विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त करने के बाद प्रतिभागी व कालेज स्टाफ सामूहिक चित्र में।

# चित्रकला में प्रकृति, नारा लेखन में खुशबू व भाषण में यशराज अव्वल

**वन्य प्राणी सप्ताह के तहत चम्बा कालेज में प्रतियोगिताएं आयोजित**

चम्बा, 6 अक्तूबर (नीलम): चम्बा कालेज में वाइल्ड लाइफ सप्ताह के अवसर पर वनस्पति विभाग द्वारा चित्रकला, नारा लेखन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रकृति ने पहला, सोनिका ने दूसरा और तमन्ना व कृतिक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं नारा लेखन प्रतियोगिता में खुशबू पहले, राकेश दूसरे व रंजना तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा भाषण प्रतियोगिता में यशराज पहले, नेहा दूसरे व रवीना ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में कालेज प्राचार्य डा. शिवदयाल मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। डा. शिवदयाल ने कहा कि पर्यावरण को हम आज जो नुक्सान पहुंचा रहे हैं, उससे प्रकृति व वन्य जीवों को हानि पहुंच रही है। ऐसा ही चलता रहा तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ जाएगा। प्राकृतिक संतुलन के लिए जीव जंतु की महत्ता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि आज जहां भी प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं, वे सब मानव का ही किया धरा है। आज प्रकृति का संरक्षण बहुत जरूरी है, जिसके लिए हम सबको बढ़-चढ़कर भाग लेना है। इसके साथ प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रोफैसर पूर्णिमा, डा. संतोष, डा. जितेंद्र और प्रो. शिवानी मौजूद रहे।

Wild Life Week 2021 Celebrated by Neo Botany Club, Botany Department, G.C. Chamba on dated 6/10/2021



# पोस्टर मेकिंग में सुलतानपुर के आर्यन रहे प्रथम

## स्वच्छता और कोरोना टीकाकरण अभियान के समापन पर उपायुक्त ने विजेताओं को किया सम्मानित

संवाद सहयोगी, चंबा : क्षेत्रीय लोकसंपर्क ब्यूरो शिमला, (एफओबी) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से स्वच्छता और कोरोना टीकाकरण पर दो दिवसीय अभियान चलाया गया, जो बुधवार को संपन्न हुआ। लोगों में स्वच्छता और कोरोना टीकाकरण जैसे विषय पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में पहले दिन कालेज व स्कूल की छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग, खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। वहीं, सुलतानपुर क्षेत्र में एफओबी शिमला की ओर से सफाई अभियान चलाया गया।

राजकीय महाविद्यालय के सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उपायुक्त चंबा डीसी राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों, एनएसएस, एनसीसी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आधुनिक समय में प्रयोग में लाया जा रहा प्लास्टिक बहुत ही हानिकारक है। उन्होंने इस दौरान विद्यार्थियों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आग्रह भी किया कि वे अपने गांव, मोहल्ले व समाज को कोरोना रोधी टीकाकरण की दूसरी डोज के लिए लोगों को प्रोत्साहित करें।

चंबा कालेज में दो दिवसीय स्वच्छता और कोरोना टीकाकरण अभियान के समापन समारोह में विजेता प्रतिभागी स्टाफ व मुख्यातिथि के साथ • जागरण


### प्रतियोगिताओं में ये रहे विजेता

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सुलतानपुर कालेज के कुमार आर्यन ने पहला, अतुल शर्मा ने दूसरा और कीर्तिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग में इसी कालेज की खुशबू ने पहला, काशिश ने दूसरा व ज्योती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चंबा राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जमा दो की छात्राओं ने टग ऑफ वार प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। विजेताओं में भूमि गुप्ता, सहजप्रीत कौर, महक, संस्कृति, तमन्ना राठौर, मिनाक्षी और हर्षिता भारत रहे। इससे पूर्व स्वच्छता अभियान का शुभारंभ अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी चंबा अमित मेहरा ने किया और सफाई अभियान में राजकीय महाविद्यालय चंबा के एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र चंबा, राजकीय माध्यमिक विद्यालय चंबा और नगर निगम चंबा के साथ बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय चंबा के प्रधानाचार्य डा. शिव दयाल, अविनाश, नेहरू युवा केंद्र के विवेक व एफओबी शिमला के अधिकारी व कर्मचारियों सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

Wild Life Week 2021 Celebrated by Neo Botany Club, Botany Department, G.C. Chamba on dated 6/10/2021




Wild Life Week 2021 Celebrated by Neo Botany Club, Botany Department, G.C. Chamba on dated 6/10/2021




Wild Life Week 2021 Celebrated by Neo Botany Club, Botany Department, G.C. Chamba on dated 6/10/2021




Wild Life Week 2021 Celebrated by Neo Botany Club, Botany Department, G.C. Chamba on dated 6/10/2021